बिहार में भोजपुरी फिल्मों को मिलेगी सब्सिडी : सम्राट

पवन सिंह बेस्ट मेल, शिल्पी राज बेस्ट फीमेल सिंगर, रंजन सिन्हा बेस्ट पीआरओ



पटना (आससे)। राजधानी पटना के बापू सभागार में सोमवार को 'आईवीवाई भोजपुरी म्यूजिक अवॉर्ड 2026' का भव्य आयोजन हुआ। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने समारोह का विधिवत उद्घाटन किया और इसकी सफलता की कामना की। इस अवसर पर बिहार सरकार के मंत्री डॉ. रामचंद्र प्रसाद सहित कई विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे।

आईवीवाई भोजपुरी म्यूजिक अवॉर्ड 2026

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार सरकार कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए संकल्पित है। उन्होंने घोषणा की कि इस वर्ष से फिल्मों को सब्सिडी देने की शुरुआत की जाएगी, जिसकी शुरुआत भोजपुरी फिल्मों से होगी। उन्होंने भोजपुरी कलाकारों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि कलाकार मिलकर फिल्म सिटी के लिए उपयुक्त स्थान तय करें, सरकार इसके निर्माण में सहयोग करेगी।

'सुरों का जश्न, सितारों के संग' थीम पर आयोजित इस समारोह में यशी फिल्म्स के प्रमुख अभय सिन्हा और आईवीवाई कंपनी के विनय सिंह ने मुख्यमंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में भोजपुरी संगीत और सिनेमा से जुड़ी कई चर्चित हस्तियों ने भाग लिया। अवार्ड समारोह में पवन सिंह को बेस्ट मेल सिंगर और शिल्पी राज को बेस्ट फीमेल सिंगर का पुरस्कार दिया गया। वहीं, रंजन सिन्हा को बेस्ट पीआरओ के सम्मान से नवाजा गया।

कार्यक्रम में मनोज तिवारी, दिनेश लाल यादव 'निरहुआ', अरविंद अकेला कल्लू, रितेश पांडेय, राकेश मिश्रा, गुंजन सिंह, रोशन रोही और रवि रंजन सहित कई कलाकार मौजूद रहे। अभिनेत्रियों में मोनालिसा, नीलम गिरी, आस्था सिंह, मेघाश्री, सृष्टि भारती, अपर्णा मलिक, शिवानी सिंह, डिंपल सेठ, शिल्पी राघवानी और ऋतु सिंह ने अपनी मौजूदगी से समारोह की रौनक बढ़ाई।

फुलवारी में दो युवक गिरफ्तार, दो किलो स्मैक व हथियार बरामद

फुलवारी शरीफ। फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र में नशीले पदार्थों के कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नया टोला स्थित एक मुर्गी फार्म से दो युवकों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने उनके पास से दो किलोग्राम स्मैक, दो पिस्टल और दो एयर गन बरामद करने का दावा किया है. बरामद स्मैक की कीमत करीब दो करोड़ रुपये बतायी जा रही है. गिरफ्तार युवकों की पहचान मोहम्मद आकिब और आफताब आलम के रूप में हुई है. पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है. बरामद नशीले सामानों की कीमत करोड़ों में बढ़ भी सकती है पुलिस सूत्रों के अनुसार वरीय पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि नया टोला स्थित एक मुर्गी फार्म में कुछ संदिग्ध लोग एकत्रित हुए हैं. सूचना के बाद पुलिस टीम गठित कर मुर्गी फार्म के आसपास छापेमारी की गयी. इस दौरान पुलिस ने दो युवकों को पकड़ लिया. तलाशी के दौरान उनके पास से कथित तौर पर दो पिस्टल, दो एयर गन और करीब दो किलोग्राम स्मैक बरामद किया गया.

स्थानीय लोगों के अनुसार सोमवार की देर शाम नया टोला स्थित मुर्गी फार्म के पास पुलिस की चार गाड़ियां पहुंची थीं. पुलिस ने वहां से दो युवकों को हिरासत में लिया और अपने साथ ले गयी. लोगों ने बताया कि कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कुछ हथियार भी बरामद किये हैं. हालांकि देर रात तक पुलिस के किसी अधिकारी ने मामले की आधिकारिक पुष्टि नहीं की. बताया जा रहा है कि मंगलवार को वरीय पुलिस अधीक्षक पूरे मामले का खुलासा कर सकते हैं.

फुलवारी शरीफ को सूफी संतों की नगरी के रूप में जाना जाता है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह इलाका कई गंभीर आपराधिक गतिविधियों को लेकर भी चर्चा में रहा है. पूर्व में आतंक से जुड़े मामलों में पुलिस और जांच एजेंसियों की बड़ी कार्रवाई हो चुकी है. अब इलाके में नशीले पदार्थों और हथियारों की बरामदगी ने पुलिस के सामने एक नई चुनौती खड़ी कर दी है.

खूनी व बादी बवासीर में बेहद असरकारक
अर्शवेदा कैप्सूल
ARSHVEDA Capsule
AN AYURVEDIC MEDICINE FOR PILES
Power of 9 Herbs
सुविचार
जिंदगी में कभी भी किसी को कम मत समझें, हर व्यक्ति का अपना विशेष महत्व होता है।
• 100% आयुर्वेदिक • सुरक्षित • असरदार
Customer Care : 9628078000
www.rphealthgroup.com
Also available at TATA 1mg | amazon | Flipkart

मकान से आभूषण चोरी

पटना सिटी (आससे)। बहादुरपुर थाना अंतर्गत पंचवटी कॉलोनी के श्रमजीवी मोहल्ला में अज्ञात चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़ कर लाखों का सामान चोरी कर लिया। इस संबंध में अमित कुमार की पत्नी नेहा कुमारी ने एक मामला दर्ज कर बताया कि चोरों ने बंद मकान से 28 लाख रुपये से अधिक के सोने चांदी के आभूषण चोरी कर ली।. दर्ज शिकायत के आधार पर पुलिस मामले में छानबीन आरंभ की है. पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि वो मकान में ताला बंद कर अस्पताल गयी थी. जब लौटी तो देखा कि आलमीरा टूटा हुआ है. चोरों ने आलमीरा के लॉकर में रखे सोने-चांदी के आधा किलो से अधिक आभूषण की चोरी कर लिया है. जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 28 लाख रुपये से अधिक हो सकती है. पुलिस चोरी की गुत्थी सुलझाने के लिए आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाल रही है।

पिस्टल और दो कारतूस के साथ तीन युवक अरेस्ट

दो पॉलिटेक्निक के छात्र



पटना (निप्र)। कोतवाली थाना इलाके के जीपीओ गोलंबर के पास डीआईयू और कोतवाली पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को पिस्टल और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। इनके पास से नकदी भी बरामद हुई है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की।

गिरफ्तार युवकों की पहचान रवि, सौरभ और अमन के रूप में हुई है। इनमें दो युवक पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्र हैं, जबकि एक पूर्ववर्ती छात्र बताया जा रहा है। परिजनों ने तीनों को पटना में पढ़ाई करने के लिए भेजा था, लेकिन पुलिस की शुरुआती जांच में उनके गलत संगति में पड़ने की बात सामने आई है।पुलिस की जांच में अमन को इस गिरोह का कथित सरगना बताया जा रहा है। पूछताछ में यह भी जानकारी मिली है कि इनके साथ एक अन्य युवक के जुड़े होने की आशंका है। पुलिस अब उस चौथे युवक की भूमिका का पता लगाने में जुटी है।कार्रवाई के दौरान बरामद मोबाइल फोन की भी जांच की जा रही है। पुलिस को मोबाइल से कुछ ऐसे साक्ष्य मिले हैं, जिनके आधार पर युवकों के संपर्कों और गतिविधियों की पड़ताल की जा रही है।

जांच टीम यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि तीनों के पास हथियार कहां से आया और वे इसका इस्तेमाल किस उद्देश्य से करने वाले थे।

फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। गिरफ्तार युवकों से पूछताछ के आधार पर गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस की जांच आगे बढ़ने के साथ इस मामले में और खुलासे होने की संभावना है।

VISHAL PVT. ITI
Gaya-Dobhi Road, Gaya
Estd :- 2015
VISHAL PRIVATE ITI BODHGAYA
< A TRUSTED INSTITUTE OF MAGADH >
[ADDRESS :- NEAR INTERNATIONAL AIRPORT KHRANTI Gaya-Dobhi BODHGAYA]
200 METER'S FROM DAV SCHOOL CANTT AREA BODHGAYA
* Registration is going on for New Admission of 2026-2028 Batch . From Monday All 60 Candidate's Have To Come In College Campus And Fill the the Form And Pay The Registration Fee's .
* 12 January Is The Last Date For Form Fill up .
(ADMISSION IS GOING ON FOR ELECTRICIAN BATCH 2027-29)
For any queries please call us on :- 7488765709 , 6200237219 , 9934735170 , 9546478687

PAARTH CHILD CARE
Complete Child Care & Vaccination Centre
डॉ. संजीव कुमार सुमन
नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
MBBS, MD (PEDS), Neonatologist, PGPN(BOSTON), MIAP
Senior Consultant
Medibless Hospital & Shivam Hospital, Patna
Ex-Consultant - ESIC Hospital, New Delhi
उपलब्ध सुविधाएं
आधुनिक NICU, PICU, संपूर्ण टीकाकरण, पैथोलॉजी
नेब्युलाइजर, ऑक्सीजन एवं पल्स ऑक्सीमीटर
संपर्क करें यदि बच्चा निम्नलिखित लक्षणों/बीमारियों से पीड़ित है
भूख कम या नही लगना, वजन नही बढ़ना, उल्टी, दस्त, पेट में दर्द, पेट फुलना, निमोनिया, दमा, सर्दी, खाँसी, बुखार, टी बी, दिल में छेद एवं ह्रदय संबंधी बीमारी, मोटापा, बौनापन, हार्मोन संबंधित बीमारी, पेशाब में जलन, कम या ज्यादा होना, बिस्तर पर पेशाब करना, दिमागी तौर पर कमजोरी, सिर का बड़ा या छोटा होना, नवजात शिशु का समय से पहले होना, कमजोर होना।
शिशु बच्चे एवं किशोर का संपूर्ण टीकाकरण एवं समस्त रोगों का समुचित ईलाज
पता - NC 105, SBI Officers Colony, Opposite Lohia Nagar Mount Carmel School, गायत्री मंदिर रोड, P. C. Colony, कंकड़बाग, पटना -20
9315625007, 9153136802

पूर्व मध्य रेल
ई-खुली निविदा सूचना
ई-निविदा सं०. : एचआरटी-एम-पीएएस-एलएचबी-विनाईल-26-3, दिनांकः 23/10/2026
उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत के द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **1. कार्य का नाम एवं स्थानः** कैरेज रिपेयर वर्कशॉप/हरनौत में "एलएचबी कोचों के बाहरी हिस्से के लिए फ्लीट ग्राफिक्स (विनाईल) फिल्म का पैच वर्क" कार्य के लिए निविदा।, **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशिः** रू. 1,30,84,236.00 (रू. एक करोड़ तीस लाख चौरासी हजार दो सौ छत्तीस मात्र), **3. निविदा प्रपत्र की राशिः** शून्य।, **4. अग्रधन की राशिः** रू. 2,61,700.00 (रू.दो लाख इकसठ हजार सात सौ मात्र), **5. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समयः** निविदा ऑनलाइन **https://www.ireps.gov.in** वेबसाईट पर प्रकाशित कर दी गई है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि **13.11.2026** को 12:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन 12:30 बजे निविदा खोली जायेगी।, **6. वेवसाईट का विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा का पूर्ण विवरण इत्यादि देखा जा सकता है।**: निविदा सूचना, पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेबसाइट CRIS website: **https://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है, एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये मुख्य कारखाना प्रबंधक का कार्यालय, प्रशासनिक भवन, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत, नालंदा, बिहार-803110 के नोटिस बोर्ड में देखें। यदि जरूरी हुआ, तो शुद्धि-पत्र वेबसाईट पर अपलोड होगा।
उप मुख्य यांत्रिक अभियंता- I, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत
पीआर/1193/सीआरडब्लू-एचआरटी/एमईसीएच/टी/26-27/48

मोबाइल दुकान से 45 लाख के मोबाइल की चोरी

पुलिस और एफएसएल की टीम जांच में जुटी



पटना (निप्र)। पत्रकारनगर थाना क्षेत्र के काली मंदिर रोड स्थित संजय गांधी नगर में चोरों ने मां कम्युनिकेशन मोबाइल शॉप को निशाना बनाया। दुकान से करीब 40 से 45 लाख रुपये के मोबाइल फोन चोरी होने की बात सामने आई है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। दुकानदार राजीव राज ने बताया कि वह रात में दुकान बंद कर घर चले गए थे। सुबह जब दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि शटर का लॉक कटा हुआ था। इसके बाद दुकान के अंदर जांच की तो पता चला कि बड़ी संख्या में मोबाइल फोन गायब हैं। चोरी गए मोबाइल फोन की कीमत करीब 40 से 45 लाख रुपये बताई जा रही है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद पत्रकारनगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के साथ डीआईयू की टीम भी मामले की जांच में जुट गई है। घटना स्थल से फिंगरप्रिंट सहित अन्य जरूरी साक्ष्य जुटाए गए हैं। एफएसएल की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की है, ताकि चोरों के बारे में सुराग मिल सके।पत्रकारनगर थानाध्यक्ष सज्जाद गद्दी ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। पुलिस दुकान और घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर चोरों का पता लगाने में जुटी है।फिलहाल पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि चोरी की वारदात को किस तरह अंजाम दिया गया और इसमें कितने लोग शामिल थे। घटना में शामिल आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच जारी है। इसके साथ ही घटनस स्थल और इसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जा रहा है।

Expert Care for a Healthier Tomorrow
Healwell Hospital
Nurturing Kidneys, Enhancing Lives!
A Unit of Shree Ram Chandra Urology Centre
Kidney Care
Advanced Technology
Urological Treatments
Compassionate Care
Healthy Kidneys Brighter Tomorrows
Expert Urological Care for a Better, Healthier Life.
Dr. Vijay Shankar Prasad Singh (Urologist & Kidney Expert)
MBBS, MS (Gold Medalist), DNB (General Surgery)
FMAS, DrNB (Urology)
●Kidney Stone Treatment ●Prostate Care
●Urinary Tract Infections (UTI) ●Andrology & Male Health
●Laparoscopic Urology
Address : P. K. Complex, Beside Central Bank, Rukanpura, Patna-14
Contact : 7481912333, 9204089636

Manah
INSTITUTE OF PSYCHIATRY AND BEHAVIOURAL SCIENCES
समझ | सहारा | संबल
मन की बात, हमारे साथ
मानसिक स्वास्थ्य है, तो जीवन है। आइए, मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।
हमारी सेवाएं
मानसिक समस्याएं
• व्यवहार में परिवर्तन
• शंका या भ्रम
• मिर्गी आना
• बिना कारण हँसना, चिड़चिड़ापन
• आत्महत्या की इच्छा
• बार बार गुस्सा करना / लड़ाई करना
• अकारण घबराहट, बेचैनी
• डिप्रेशन / एंजायटी
बच्चों की मानसिक समस्याएं
• पढ़ाई में पिछड़ जाना
• मंद बुद्धि
• याद नही करना/ याददाश्त में कमी
नशे की समस्या
शराब, अफीम, हेरोइन, गांजा, चरस, नशे की सुई / गोली एवं स्मैक
सर दर्द माइग्रेन
नस रोग संबंधित समस्या
सेक्स संबंधित समस्या
डॉ. अर्चना सिंह
(MBBS, MD Psychitry, DPM-CIP Kanke, Ranchi)
माइग्रेन और सिरदर्द विशेषज्ञ | मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विचार विशेषज्ञ | व्यक्तिगत देखभाल, समझ और सहारा
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें
7543976796 | 7759945555
@manah.health | manahcare
पताः HIG X-9, आशियाना नगर, मेन रोड, ऑपोजिट जगत एनक्लेव, पटना - 800025
आपका मानसिक स्वास्थ्य, हमारी प्राथमिकता। सही समय पर सही मदद लें।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०)/ पूर्व मध्य रेल/ समस्तीपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे लिखे गये कार्यो के लिए अनुभवी एवं वितीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से भारतीय रेल के आई.आर.ई.पी.एस. वेव पोर्टल पर खुली ई-निविदा के रूप में आमंत्रित करती है। **क्रम सं0:** 1, **निविदा सूचना सं0:** टी.सी.-152-2026- एस.पी.जे., **कार्य का नामः** ललितग्राम में वाशिंग पिट के लिए बुनियादी ढाँचा और यांत्रिक सुविधा के विकास कार्य संबंधित सिविल इंजीनियरिंग कार्य।, **निविदा लागत (रूपये मे):** 14990258.65, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 299800.00, **कार्य की समाप्ति अवधिः** 09 माह, **क्रम सं0:** 2, **निविदा सूचना सं0:** टी.सी.-153-2026- एस.पी.जे., **कार्य का नामः** सहरसा-पूर्णिया (एस एल) टीआरआर (पी)-25.290 ट्रैक किमी०।, **निविदा लागत (रूपये मे):** 28441863.42, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 568800.00, **कार्य की समाप्ति अवधिः** 12 माह, **क्रम सं0:** 3, **निविदा सूचना सं0:** टी.सी.-154-2026- एस.पी.जे., **कार्य का नामः** सहरसा-पूर्णिया टीटीआर (टी डबल्यूएस+सी एम एस सी) -37 सेट (1:12)।, **निविदा लागत (रूपये मे):** 12750965.35, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 255000.00, **कार्य की समाप्ति अवधिः** 12 माह, **क्रम सं0:** 4, **निविदा सूचना सं0:** टी.सी.-155-2026- एस.पी.जे., **कार्य का नामः** समस्तीपुर मंडल में हसनपुर- बिथान खण्ड में नए लाईन के ट्रैक का रखरखाव।, **निविदा लागत (रूपये मे):** 2864958.67, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 57300.00, **कार्य की समाप्ति अवधिः** 06 माह, **क्रम सं0:** 5, **निविदा सूचना सं0:** टी.सी.-156-2026- एस.पी.जे., **कार्य का नामः** सहरसा-पूर्णिया (एस एल) टीआरआर (पी)-21.290 ट्रैक किमी०।, **निविदा लागत (रूपये मे):** 26419071.18, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 528400.00, **कार्य की समाप्ति अवधिः** 12 माह, **क्रम सं0:** 6, **निविदा सूचना सं0:** टी.सी.-157-2026- एस.पी.जे., **कार्य का नामः** ललितग्राम स्टेशन में शेड सहित सिक लाईन का प्रावधान।, **निविदा लागत (रूपये मे):** 82317480.01, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 1646400.00, **कार्य की समाप्ति अवधिः** 15 माह, **क्रम सं0:** 7, **निविदा सूचना सं0:** टी.सी.-158-2026- एस.पी.जे., **कार्य का नामः** झंझारपुर-निर्मली खण्ड में तमुरिया-घोघरडिहा ब्लॉक खण्ड के बीच नेमूआ (ट्रेसपास लोकेशन) में किमी० 51/2-3 पर पुराने एल सी संख्या 66 के स्थान पर एल एच एस का प्रावधान।, **निविदा लागत (रूपये मे):** 44115378.26, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 882300.00, **कार्य की समाप्ति अवधिः** 12 माह
(1) आई. आर. ई. पी. एस वेव पोर्टल पर ई-निविदा के रूप में निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समयः **18/11/2026 को 12.00 बजे तक।**
(2) ई- निविदा खुलने की तिथि एवं समयः **18/11/2026 को 12.00 बजे के बाद।**
3. वेबसाईट का विवरण जहाँ से निविदा एवं निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती हैः **वेबसाईटः www.ireps.gov.in.** उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो उसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नही किया जाएगा बल्कि वेबसाईटः पर अपलोड कर दिया जाएगा।
वरिष्ठ मंडल इंजीनियर / समन्वय पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर
पीआर/1191/एसपीजे/ईएनजी/टी/26-27/80

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेंडरिंग निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता/पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **कार्य का नाम** : उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल के रोजा-लखनऊ खंड में, इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन पावर सप्लाई इंस्टॉलेशन की क्षमता बढ़ाने के काम के लिए, EPC मोड पर 2x25 KV AT ट्रैक्शन फीडिंग सिस्टम हेतु ट्रैक्शन सब-स्टेशनों और उनसे जुड़े स्विचिंग पोस्ट की डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य **ई-निविदा सूचना सं0** : EPC-PSI-ROZA-LKO-NER **अनुमानित लागत (रु)** : 206,71,67,185 **बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (रु.)**: 4,13,43,400 **निविदा बन्द होने की तिथिः** 01.12.2026 **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 24 महीने। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in.** पर देखें। यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंगेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंगेजी संस्करण ही मान्य होगा।
मुजाधि/विद्युत-240
मुख्य विद्युत अभियंता/ लखनऊ
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

कुंदन हत्याकांड में एक और गिरफ्तार

पटना सिटी (आससे)। खाजेकला थाना अंतर्गत गुजरी बाजार सेल टैक्स ऑफिस के समीप दशहरा मेला की भीड़ के बीच 21 अक्टूबर की रात मोगलपुरा टिकिया टोली मुहल्ला निवासी नागेंद्र ठाकुर के पुत्र कुंदन कुमार की हत्या मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में डीएसपी शिव शंकर कुमार ने बताया कि हत्याकांड में शामिल चौक थाना के दुंदी बाजार निवासी सूरज चौधरी को गिरफ्तार किया गया है.

तख्त साहिब में अखंड पाठ

पटना सिटी (आससे)। सिख पंथ के चौथे गुरु श्री गुरु रामदास जी महाराज के प्रकाश पर्व को लेकर श्री तख्त हरिमंदिर जी पटना साहिब में चल रहे अखंड पाठ जारी रहा। बताते चलें कि ग्रंथी की देखरेख में तीन दिनों के अखंड पाठ सोमवार को भी चला,. मंगलवार को अखंड पाठ का समापन होगा।. उसी दिन विशेष दीवान सजेगा. जिसमें शबद कीर्तन व कथा प्रवचन के साथ अन्य धार्मिक आयोजन होगा. प्रबंधक कमेटी की ओर से इसके लिए तैयारी की गयी है।

पूर्व मध्य रेल
खुली निविदा
बैचा संख्याः 08, दिनांकः 23/10/2026
आईआरईपीएस- **www.ireps.gov.in** के वेब पोर्टल पार्टिसिपेशन इन थ्र सामग्री की आपूर्ति के लिए ई-निविदा सूचना। निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। निविदा बंद करने का समय 14:00 बजे है। **क्रम सं० 01, निविदा सं0:** 37265169ए, **सामग्री का संक्षिप्त विवरणः** सप्लाई एंड इंस्टॉलेशन ऑफ ए सेट ऑफ फ्यूल फ्लो मीटरस अलोंग विथ ऑल रिक्वायर्ड एक्सेसरीज एक्विवैलेन्ट टू कम्मिंस पार्ट नंबर 4398060, सूटेबल फॉर कम्मिंस मेक डीजल इंजन मॉडल नंबर के टी ए-19 जी 10 इन्सटाल्ड इन पावर कार (वारंटी पीरियड 12 मंथ्स आफ्टर दी डेट ऑफ डिलीवरी), **मात्राः** 41 सेट, **निविदा जारी करने की तिथि एवं समयः** 22.10.2026 12:53, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 18.11.2026 14:00, **क्रम सं० 02, निविदा सं0:** 37265171ए, **सामग्री का संक्षिप्त विवरणः** रेडियेटर असेंबली फॉर कम्मिंस डीजल इंजन मॉडल नंबर केटीएए19जी 10 पार्ट नंबर 4396444 (वारंटी पीरियड 12 मंथ्स आफ्टर दी डेट ऑफ डिलीवरी), **मात्राः** 06 अदद, **निविदा जारी करने की तिथि एवं समयः** 22.10.2026 12:51, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 18.11.2026 14:00, प्रतिभागियों को अपना प्रस्ताव समापन तिथि और समय से पहले आईआरईपीएस **www.ireps.gov.in** के वेब पोर्टल के माध्यम से केवल ऑन-लाइन जमा करना होगा। उपरोक्त पोर्टल पर निविदा सूचना में प्रेषिती के संबंध में अन्य विवरण और भंडार का विस्तृत विवरण निविदा दस्तावेज में उपलब्ध है। **उप मुख्य सामग्री प्रबंधक सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत**
पीआर/1194/एचआरटी/मेटेरियल/टी/26-27/40

बिहार लोक सेवा आयोग
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना -800001

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या-09/2026, पंचायती राज विभाग, बिहार के अन्तर्गत अंकेक्षक (बिहार पंचायत अंकेक्षण सेवा) मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा हेतु विज्ञापन का प्रकाशन आयोग द्वारा किया गया है, जिसे आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है। ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने से संबंधित तिथि एवं अन्य निर्देश निम्नवत् है :-

क्र.सं.	ऑनलाईन आवेदन संबंधी प्रक्रिया	तिथि
1.	ऑनलाईन आवेदन प्रारम्भ करने की तिथि	29.10.2026
2.	ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि	16.11.2026

2. उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु विस्तृत सूचना/विवरणी/जानकारी एवं ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु निर्देश आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bihar.gov.in पर प्रदर्शित है।
3. अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ करने के पूर्व वेबसाईट पर प्रदर्शित विज्ञापन एवं ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु आवश्यक एवं विस्तृत निर्देश का भली-भाँति अध्ययन कर लेंगे।

ह./-
परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।

PATEL COLLEGE OF COMPUTER AND MANAGEMENT EDUCATION
RUN AND MANAGED BY: SWAMI VIVEKANAND EDUCATIONAL TRUST
SUKULCHAK, KAROUNA, JEHANABAD – 804417
Purpose Course
MBA ((Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management
शीघ्र आवश्यकता है

Post	Department	Qualification
Principal	Administration	Ph.D with 10 Year Experience
Assistant Professor/ Professor	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D / Master Degree in Relevant Field/ Subject
HOD	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D/ Master Degree in Relevant Field With 5 Year Experience
Librarian	Library	B.Lib.Sc / M.Lbi.Sc
Lab Instructor/	-	BCA / DCA
Accountant	Administration	M.Com / B.Com
Office Assistant	Administration	Graduate with Computer Knowledge
Other Post (Receptionist, Admission- Cum Counselor, Driver, Gardener, Peon)	Administration	Minimum Qualification 10th/12th/Graduate and Experience in Relevant fields

■ एक वयक्ति केवल एक ही पद के लिए आवेदन (Apply) कर सकते हैं। ■ अपने Resume और self-Attested photo-copy Certificate को 15 दिन में patelcollegejehanabad@gmail.com पर मेल करें। अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी
Secretary/Chairman - Divya Prakash Contact- 9304697359, 9334074905

आधार हाऊसिंग फाइनेंस लिमिटेड
Aadhar Housing Finance Lt
कॉर्पोरेट कार्यालयः कार्यालय नंबर 501 और 503, 5वीं मंजिल, लाइटब्रिज, साकी विहार रोड, अंधेरी पूर्व, मुंबई उपनगरीय (जिला), महाराष्ट्र-400072
पटना शाखा कार्यालयः ऑफिस नं. 301 एवं 302, तीसरी मंजिल, श्याम सेंटर, एलआईसी बिल्डिंग के सामने, एक्जीबिशन रोड, पटना- 800001 (बिहार)

आधिपत्य सूचना परिशिष्ट IV (अचल सम्पत्ति हेतु)

जबकि, आधार हाऊसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एएचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर सिक्युरीटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एण्ड इंफोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंट्रस्ट एक्ट 2002 एवं सिक्युरिटी इंट्रस्ट (इंफोर्समेन्ट) नियम 2002 का नियम 3 के साथ सपठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को उपयोग करते हुए कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपरोक्त सूचना प्राप्ति के 60 दिवस में नीचे सूचना में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान करने में के लिए ऋणकर्ताओं/ प्रतिभूतिकर्ताओं को मांग सूचना (ए) जारी की थी। ऋणकर्ता राशि का पुर्नभुगतान करने में असफल रहे है, सिक्युरिटी इंफोर्समेन्ट नियम 2002 के नियम 8 के साथ सपठित उपरोक्त कानून की धारा 13 के सब-सेक्शन (4) के अंतर्गत के साथ प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए ऋणकर्ता(ओं)/ प्रतिभूतिकर्ता (ओं) एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में सूचित किया जाता है वर्णित संपत्ति पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिग्रहण कर लिया है। धरोहर सम्पत्ति के एवज में सम्पत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय सीमा पर कानून की धारा 13 का सब सेक्शन (8) के प्रावधानों पर ऋणकर्ता ध्यान देवें। ऋणकर्ता को विशेष रूप से एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप से यह चेतावनी दी जाती है कि सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार ना करें एवं सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार नीचे वर्णित राशि के साथ शेष देय ब्याज के लिए (एएचएफएल) के शुल्क के विषयानुसार होगी।

क्र. सं.	(शाखा का नाम) ऋणी(ओं)/सह-ऋणी(ओं)	धरोहर आस्ति का विवरण (अचल सम्पत्ति)	मांग सूचना की दिनांक व राशि	अधिगृहण की दिनांक
1.	(पटना शाखा, लोन कोड 01710000524) जरमन महतो (ऋणी) माधुरी देवी (सह-ऋणी)	भूमि के सभी अंश व हिस्से (आवासीय प्रकृति का) जिसका क्षेत्रफल 1.5625 डेसिमल है, थाना संख्या 55, तौजी संख्या 80, खसरा संख्या 767, खाता संख्या 401 से संबंधित, मौजा बनारसी, वार्ड संख्या 03, महल मासूमगंज, अंचल एवं थाना बढ़, उप-निबंधन कार्यालय बढ़, निबंधन कार्यालय पटना सदर, जिला पटना में स्थित। सीमाएँ इस प्रकार हैं:- पूर्व में- रामचलित्र यादव का प्लॉट, पश्चिम में- सिंगेश्वर राय का प्लॉट, उत्तर में- शरवन महतो का प्लॉट, दक्षिण में- 22 फुट सड़क।	13.05.2026 रू. 8,79,199/-	23-10-2026
2.	(पटना शाखा का लोन कोड 01710000136), राजेश कुमार राय (ऋणी) नीलम कुमारी (सह-ऋणी)	भूमि के सभी अंश व हिस्से जिसका क्षेत्रफल 20/2/3 डेसिमल है, जो थाना नं.-73, खाता नं.-37, खसरा नं.-205, जमाबंदी नं.-134, मौजा-चक रसूल, अंचल+पी.एस.- हाजीपुर, निबंधन कार्यालय-हाजीपुर, जिला- वैशाली, बिहार में स्थित है। सीमाएं:- पूर्वः- बैद्यनाथ सिंह, पश्चिमः- शीतल सिंह एवं अन्य, उत्तरः- नारायण सिंह, दक्षिणः- सुदान पासवान।	12-08-2024 रू. 15,74,913/-	24-10-2026

दिनांकः 27.10.2026
स्थानः पटना
प्राधिकृत अधिकारी, आधार हाऊसिंग फाइनेंस लिमिटेड